मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/कुस0का0/ 2210 /2022 दिनांक अगस्त 10 ,2022

समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अनुभागीय अधिकारी

कृपया अवगत कराना है कि शासन द्वारा प्राप्त निदेर्शो के क्रम में ''आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम'' के तत्वावधान में ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों/आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के द्वारा अपने आवासों पर दिनांक 13.08.2022 से दिनांक 15.08.2022 तक राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना है। उक्त हेतु अपने विभाग/अनुभाग में कार्यरत समस्त शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों/आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के नामों की सूची किसी पत्र वाहक के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 11 अगस्त, 2022 अपराहन् 4.00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त पत्र वाहक को ही प्रेषित सूची के अनुसार ''राष्ट्रीय ध्वज'' ध्वजारोहण हेतु उपलब्ध करा दिए जायेंगे।

नोटः- विश्वविद्यालय के समस्त विभागों/कार्यशाला/अतिथि गृह/पुस्तकालय/चिकित्सालय/स्टेडियम/समस्त छात्रावासों एवं अन्य अनुभागों में भी उक्त तिथियों में पृथक से ध्वजारोहण होना है। अतएव उक्त हेतु प्रभारी व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें। साथ अपने विभाग/अनुभाग में कार्यरत प्रत्येक कार्मिक को राष्ट्रीय ध्वज देने से पहले राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा तथा ध्वज फहराने के तौर तरीकों से भी भली-भाँति अवगत करा दें।

कुलसचिव 10/08/2022

पृ0सं0/दिनांक : उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त अधिष्ठातागण/विभागाध्यक्ष/अनुभागीय अधिकारी।
2. चीफ वार्डेन।
3. अध्यक्ष, छात्र क्रिया कलाप परिषद।
4. वित्त नियंत्रक।
5. वै0स0 कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ ।

कुलसचिव